## खबर संक्षेप



### मरीज के वेश में डी.एच.ओ. पहुंचे क्लीनिक, दवाई और उपकरण जप्त

**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.के. लाल के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य अधिकारी क्रमांक-1 डॉक्टर आर.के.शुक्ला ने मरीज के वेश में जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम सिंहपुर में संचालित सॉई मेडिकल स्टोर एवं पड़मानिया कला में आरोग्य हेल्थ क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रूजोपउपचार टीम द्वारा अवैध रूप से संचालित सॉई मेडिकल स्टोर एवं पड़मानिया कला में आरोग्य हेल्थ क्लिनिक से दवाईयां एवं उपकरण जप्त किया गया। गौरतलब है कि जिले में संचालित अवैध क्लीनिक, छोलाछाप डॉक्टरों के विरूद्ध लगातार छापामार कर कार्यवाही की जा रही है।

### मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**जयसिंहनगर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह के निर्देशानुसार, भाजपा जयसिंहनगर मंडल प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन मे भारतीय जनता पार्टी मंडल जयसिंहनगर की विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक का नेतृत्व भाजपा जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय ने किया बैठक का संचालन मंडल महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने किया। विस्तारित मंडल कार्यसमित की बैठक मे भाजपा मंडल अध्यक्ष ने अपने व्यक्तवो मे बैठक मे उपस्थित सभी भाजपा पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव मे भाजपा को मिले सर्वाधिक मतो के लिए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओ का उत्साह वर्धन किया साथ ही संगठन की दृस्टि से आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा के बारे मे विस्तार से चर्चा की । बैठक मे उपस्थित सभी भाजपा पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ का आभार मंडल उपाध्यक्ष दिवाकर प्यासी ने किया। भाजपा मंडल जयसिंहनगर की विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठक मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष शातिका प्रसाद तिवारी, भाजपा जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय, नगर परिषद जयसिंहनगर अध्यक्ष श्रीमती सुशीला शुक्ला भाजपा मंडल, उपाध्यक्ष पार्षद दिवाकर देवा पयासी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती जयश्री कचेर, भाजपा मंडल महामंत्री हिमांशु गुप्ता, श्रीमती कविता सिंह,रावेन्द्र शर्मा, भाजपा मिडिया प्रभारी पंकज पाण्डेय, भाजपा नेता आदेश राजा शुक्ला अ. ज. जा. मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूपत सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर कचेर, किसान मोर्चा महामंत्री राकेश गुप्ता, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक प्रवीण ताम्रकार, बूथ अध्यक्ष नन्द लाल यादव, कपिल देव सिंह, राजेंद्र शुक्ला, राम मिलन सिंह, ओमकार साहू, संतोष साहू, महेश तिवारी, राम सूजन शर्मा, भाजपा कार्यकर्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### प्रशासन ने लगवाये 8 साल की बच्ची के बाप के फेरे

# उमरिया में शादी के बाद तो, शहडोल में फेरों से पहले भागा दूल्हा

सोमवार को उमरिया और शहडोल में दो एक जैसे मामले सामने आये, जिसमें शादीशुदा पुरूष खुद को कुंवारा बताकर दोबारा सात फेरे लगा रहे थे, उमरिया के घुनघुटी में तो, 8 साल की बच्ची का पिता सरकारी दामाद बनकर प्रशासन के सामने मुख्यमंत्री कन्या विवाह में दूल्हा बना तो, शहडोल में पत्नी की शिकायत पर तीन बच्चों का बाप पुलिस को देखकर मण्डप से भाग निकला।





### शहडोल में तीन बच्चों का बाप पुलिस को देख मण्डप से फरार

शहडोल। संभागीय मुख्यालय के सोहागपुर थाना अंतर्गत कृष्णा नामक होटल में रविवार को तीन बच्चों का बाप सात फेरे लेने ही वाला था कि पत्नी ने पुलिस को इसकी शिकायत दे दी, मौके पर पुलिस को देख दीपक उर्फ पारस सोंधिया भाग खड़ा हुआ। वहीं पड़ोस के उमरिया जिले के पाली विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम घुनघुटी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 8 साल की बच्ची के पिता ने पंचायत के जिम्मेदारों को झूठा शपथ पत्र देकर दूसरा ब्याह रचा लिया। मजे की बात तो यह रही कि इस अपराध में जनपद के सीईओ सहित स्थानीय विधायक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे और लगातार दूल्हे-दुल्हन को आशीर्वाद भी देते रहे, शादी के संपन्न होते ही उसकी पत्नी, ससुर और बच्ची मौके पर पहुंचे तो सही, लेकिन तब तक धर्मलाल अपना धर्म दूसरी पत्नी के साथ निभा चुका था।

### यह हुआ शहडोल में

पुलिस लाईन शहडोल के समीप रहने 32 साल के दीपक उर्फ पारस सोंधिया ने सोमवार को शहर के कृष्णा पैलेस नामक प्रतिष्ठान में अपना वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किया था, इससे एक दिन पहले इसी पैलेस में अनूपपुर जिले के ग्राम चकेठी में रहने वाली युवती से तिलक संस्कार का कार्यक्रम संपन्न भी हो गया था, सोहागपुर पुलिस को दीपक की पत्नी ने पूरे मामले की शिकायत दी और कार्यवाही की मांग की। दीपक दो बच्चियों और एक बच्चे का पिता है और शहडोल स्थित शिवानी पैरामेडिकल में भृत्य के पद पर कार्य करता है। पुलिस को विवाह स्थल पर पहुंचते देख दीपक मौका पाकर वहां से फरार हो गया। वहीं उसकी पत्नी ने पुलिस प्रशासन से इस संबंध में कार्यवाही की मांग की है।

### उमरिया में बिना तलाक दूसरा विवाह

जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली के घुनघुटी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ है, जिसमें ग्राम पंचायत कटाई के चिकनी गांव की रहने वाली पत्नी ललिता बैगा पति धर्म लाल बैगा दोनों का विवाह 2008 में हुआ था, लेकिन धर्मलाल बैगा द्वारा घुनघुटी में चल रहे सामूहिक विवाह में रजिस्ट्रेशन करा कर टिकरी गांव की लडक़ी से शादी रच रहा था, उसकी पत्नी ललिता बैगा द्वारा आरोप लगाया गया कि धरमलाल बैगा टिकरी गांव की लडक़ी से सम्मेलन विवाह में शादी रचा रहा था, मौके पर पहुंची ललित बैगा ने धरमलाल बैगा के बच्ची को लेकर सामूहिक विवाह में पहुंचा, विधायक मीना सिंह के सामने व उमरिया कलेक्टर से गुहार लगा रही है कि सर मेरी शादी 2008 में धर्मलाल बैगा के साथ हो गई थी, लेकिन यह है दोबारा सामूहिक विवाह में रजिस्ट्रेशन करा कर शादी रचा रहा है, मेरी एक छोटी बच्ची है, मैं क्या करूं मेरी कोई नहीं सुन रहा है।

# खराब स्थिति वाले स्कूलों, आगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को न बैठाए: कलेक्टर

### जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड बनाए जाए शत प्रतिशत

**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित ऑगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालय जो खराब स्थिति में है वहां बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों को न बैठाया जाए यह सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों व ऑगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें तथा जर्जर स्थिति वाले स्कूलों एवं ऑगनवाड़ी केंद्रों को चिन्हित कर मरम्मत के कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में राजस्व सेवा अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों नामातंरण, बंटवारा, सीमाकंन जैसे अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराए जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर आगामी 17 जुलाई को मोहर्रम का पर्व जिले में सौहार्दपूर्ण परम्परा के अनुरूप सदभावना, शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर निर्धारित रूट के अनुसार ही ताजिया का जुलूस निकाला जाए।




कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में डी और सी-ग्रेड में आने वाले विभागों को ग्रेडिंग में सुधार करने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी दिनों में ग्रेडिंग में सुधार कराए। कलेक्टर ने सीमाकंन, नामांतरण व राजस्व के अन्य प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराने अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराएं।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग, नगरीय निकाय, चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन, न्यायालय के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी लंबित प्रकरणों का निराकरण कराकर ग्रेंडिंग सुधार करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरण कोई भी अनअटैंडट न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि ई-केवाईसी, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड पात्र लोंगो के शत-प्रतिशत बनवाने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिम्मेदारी के साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

# 3 लाख की लूट के फरार आरोपी गिरफ्तार

### थाना मानपुर पुलिस ने आरोपियों को दबोचा


**मानपुर।** 20 जून को फरियादी भगवानदीन सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम जैती स्कूल पारा मोहल्ला जनकपुर जिला कोरिया छ.ग. द्वारा थाना मानपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि फरियादी अपने साथी अशोक सिंह एवं जितेन्द्र पटेल के साथ 15 जून की रात अपने बुलेरो बाहन से सतना गाडी लेने निकले थे। रात करीब 09 बजे शहडोल पहुंचे तो , फरियादी ने अपने साथी जितेन्द्र पटेल से बोला कि रात में कही रूक जाते है, तब जितेन्द्र पटेल ने सलाह दी कि मानपुर के बल्हौड़ में मेरी बुआ रहती है साथ ही मेरा दोस्त प्रदीप पटेल भी है, रूकने-खाने की व्यवस्था हो जायेगी, तब फरियादी और उसके साथी जितेन्द्र के कहे अनुसार मानपुर बल्हौड़ आ गये। बल्हौड़ में प्रदीप पटेल मिला और फरियादी की बुलेरो गाड़ी में आकर बैठ गया, कुछ समय पश्चात प्रदीप के कुछ दोस्त भी आ गये और प्रदीप अपने दोस्तो के साथ फरियादी और उसके साथियों से दारू पीने के लिये पैसे मांगने लगा, मना करने पर प्रदीप पटेल और उसके साथियों द्वारा गाली गुप्तार एवं लड़ाई-झगड़ा शुरू कर दिया गया और फरियादी के पास रखे 03 लाख रूपये लूट कर भाग गये । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मानपुर में आरोपियों के विरूद्ध धारा 294,323,327,306,34,392 ताहि कायम कर विवेचना में लिया गया ।
घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक एवं अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी मानपुर को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं मसरूका बरामदगी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये साथ ही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमरिया द्वारा प्रकरण की मॉनिटरिंग की गई, जिससे थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तुरंत ही ठोस प्रयास जारी कर दिये गये । थाना मानपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रदीप पटेल को तुरंत ही गिरफ्तार कर लिया गया था साथ ही 14 जुलाई को मामले में फरार अभिषेक पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी टिकुरू टोला मानपुर को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध विधिसंगत कार्यवाही की गई है ।मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक, अति. पुलिस अधीक्षक एवं अनु. अधि. पुलिस उमरिया के निर्देशन में थाना मानपुर द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही की गई, जिसमें थाना मानपुर से उपनिरीक्षक सुभाष दुबे, अभिलाष सिंह, सहायक उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह , धनेन्द्र सिंह, आनंद केदार, प्रधान आरक्षक मिथिलेश पटेल, आकाशदास , विकाश मिश्रा, आरक्षक सुरेन्द्र शुक्ला एवं सउनि चालक रामसेवक पटेल की भूमिका रही है ।



### 4 वर्ष पहले गरीब से खरीदी जमीन, अब तक नहीं मिली राशि

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी की धोखाधड़ी ने उड़ाई गरीब की नींद







**शहडोल/जयसिंहनगर।** देशभक्ति और जनसेवा की शपथ लेने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारीयों पर आम जनमानस बड़ी सरलता से विश्वास करता हैं, देश प्रदेश मे न्याय व्यवस्था की बहाली मे इनका बड़ा योगदान होता हैं।

आमतौर पर अन्याय से जुड़ी विपरीत परिस्थितियो से जूझने वाला हर व्यक्ति न्याय के लिए सबसे पहले पुलिस विभाग के इन्ही कर्मचारियों से मदद की गुहार लगता हैं, लेकिन देश भक्ती जनसेवा की शपथ लेने वाला कोई सेवानिवृत्त कर्मी जब अन्याय और धोखाधड़ी के रास्ते पर निकलता हैं तो, ऐसे में कही ना कही आमजन मानस के भरोसे को गहरा आघात होता है। कुछ ऐसा ही मामला जयसिंहनगर में भी देखने को मिला, जहाँ एक गरीब व्यक्ति ने पैसो की आवश्यकता होने पर

### तीन लाख पचास हजार का चेक हुआ बाउंस

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी पर यकीन कर लिखा-पढ़ी कराकर सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी के बेटे के नाम अपनी जमीन बेच दी, लेकिन चार साल बाद भी उक्त जमीन का विक्रय मूल्य गरीब को नहीं मिला, यहां तक की क्रेता पक्ष द्वारा दिया गया, बैंक चेक भी बैंक मे लगाने पर खाते मे राशि के ना होने की वजह से अमान्य होकर बाउंस हो गया।

### यह है मामला

पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी अभय राज सिंह परिहार निवासी ग्राम बाणसागर द्वारा अनूपपुर में 21 सितम्बर 2020 को शपथ पत्र मे उल्लेख किया था कि अपने पुत्र कुश सिंह के नाम से भूमि ग्राम धुरवासिन के भूमि स्वामी विनोद तिवारी से 4 एकड़ भूमि क्रय किया है, विक्रय प्रतिफल की राशि 6 लाख 50 हजार रूपये है, जिसमे से दो लाख रूपये भारतीय स्टेट बैंक की चेक क्रमांक 320321 के माध्यम से विक्रय दिनांक को भुगतान होगा तथा शेष राशि 1 लाख रूपये बचत खाता संख्या 11504140773 से जारी चेक क्रमांक 320322 के माध्यम से भुगतान होगा तथा 350000 रूपये चेक क्रमांक 320323 के माध्यम से भुगतान होगा। शपथकर्ता ससेवानिवृत्त पुलिस विभाग अनूपपुर से 31 जुलाई 2020 को हुआ है, जिसमे शपथ करता को सेवानिवृत्त पश्चात विभाग से मिलने वाली कोई भी राशि अभी प्राप्त नहीं हुई है , शपथ करता विभाग से राशि प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है, जैसे राशि प्रार्थी को विभाग से उक्त खाते मे प्राप्त होती है तो, तुरंत ही विक्रेता एक सप्ताह के भीतर उक्त दोनों चेक के माध्यम से राशि प्राप्त करने का हकदार हो जायेगा।

### चार साल बाद भी नहीं मिली राशि

गौरतलब है कि भूमि विक्रय के लिए शपथ पत्र जो की 21 सितम्बर 2020 को क्रेता अभयराज सिंह परिहार के द्वारा विक्रेता पक्ष को दिया गया था, उक्त दिनांक के लगभग 4 साल बाद भी अब तक अभयराज सिंह द्वारा शपथ पत्र मे निर्धारित शर्तो का उल्लंघन करते हुए आज दिनांक तक भूमि के विक्रय के लिए निर्धारित पूर्ण राशि विक्रेता पक्ष को नहीं दी। विनोद तिवारी द्वारा बार-बार राशि मांगने पर कई कारण बताते हुए मामले को टरकाने का प्रयास किया गया।

### चेक बैंक मे हुआ बाउंस

भूमि के विक्रय के दौरान भूमि की राशि के भुगतान के लिए क्रेता पक्ष अभयराज सिंह परिहार द्वारा विक्रेता पक्ष विनोद तिवारी को 3 लाख 50 हजार का चेक शपथ पत्र मे उल्लेख करते हुए विक्रेता पक्ष को दिया था, लेकिन राशि के भुगतान के ना होने पर विनोद तिवारी द्वारा चेक को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा जयसिंहनगर मे राशि के आहरण हेतु जमा कराया गया, जिस पर चेक जारी करता बैंक के बचत खाते में पर्याप्त राशि के ना होने के कारण चेक बाउंस हो गया।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### सुसाइड के पहले बनाया वीडियो, मामा, मौसी-मौसा पर लगाये गंभीर आरोप

**शहडोल।** जमीनी विवाद के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, सुसाइड से पहले उसने एक वीडियो भी बनाया, जिसमें वह अपने रिश्तेदारों को मौत का जिम्मेदार बताया है, फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक यह घटना जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम छूदा की है, जहां सोमवार को जमीनी विवाद के चलते पुष्पराज सिंह ने घर के बगीचे में लगे आम में पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी, सुसाइड से पहले युवक ने वीडियो जारी किया, जिसमें उसने बताया कि उसके नाना ने उसे ग्राम भुरका में जमीन दिया था, जिससे उसके मामा, मौसा-मौसी नाराज थे, वो लोग उसके घर आकर झगड़ा करते थे, मामा, मौसी-मौसा की प्रताडऩा से तंग आकर उसने मौत को गले लगाया बताया, इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया, पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है, वहीं अब सुसाइड से पहले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वारयल हो रहा है, फिलहाल, पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



## खबर संक्षेप

### समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायते अन अटेण्डेंट नही रहे अन्यथा संबंधित एल-1 अधिकारी तथा जिला प्रमुख अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी । कलेक्टर ने कहा कि समय सीमा के पत्रों का संबंधित अधिकारी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं। आगामी सप्ताह में सभी समय सीमा के पत्रों का निराकरण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए । विभागवार अन अटेंण्डेंट शिकायतों की समीक्षा की जाएगी ।

### 119832 पौध किए गए रोपित

**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत 6 जुलाई को की गई है । अभियान के तहत स्वियं सेवी संस्थाएं, मीडिया कर्मियों, जिला प्रमुख अधिकारी, व्यापारी संगठन आगंष आकर पौध रोपित कर रहे है एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प ले रहे है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला प्रमुख अधिकारियों व्दारा 189450 लक्ष्य में से 59007 पौधों का रोपण किया गया है । इसी तरह जनपद पंचायत करकेली, मानपुर तथा पाली एवं नगरीय क्षेत्रों में 80 हजार लक्ष्य में से 60825 पौध रोपित किए गए । यह अभियान 15 जुलाई तक अनवरत जारी रहेगा ।

### कोतमा महाविद्यालय में रोपे गए 200 फलदार पौधे



**कोतमा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश भर में चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रथम चरण में कोतमा महाविद्यालय परिसर में जनभागीदारी समिति द्वारा 200 फलदार पौधे रोपे गए। इस आयोजन हेतु पौधे एवं सभी जरुरी सुविधाएं नगरपालिका के सौजन्य से प्रदान की गई। वृक्षारोपण अभियान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हनुमान गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का आह्वान किया कि वे रोपे गए पौधों की ठीक उसी तरह देखभाल करें जैसी माँ अपने बच्चों की करती है, तभी प्रधानमंत्री का यह पुण्य संकल्प सिद्धी को प्राप्त हो सकेगा। प्राचार्य डॉ. व्ही.के सोनवानी द्वारा आश्वस्त किया गया कि महाविद्यालय स्तर पर रोपे गये पौधों की देखभाल के लिए सभी उचित व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाएगी। वृक्षारोपण अभियान के अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य-नसीरुद्दीन, रवि प्रकाश तिवारी, जितेन्द्र भट्ट, बादल राय, सुनील उपाध्याय, माधव प्रजापति, देवशरण सिंह, आशुतोष सराफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पौधारोपण के आयोजन को सफल बनाने में प्रो. राकेश कुमार पवांर, प्रो. मोबीन, डॉ प्रवीण यादव सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, अरुण लखेरा, प्रियांशु शर्मा, आयुष, सागर गुप्ता, राज ताम्रकार, मेनिका सिंह, दामिनी जायसवाल का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### ट्रक चालक ने बोलेरो को मारी टक्कर

**कटनी।** तेज रफ्तार ट्रक चालक ने मालवाहक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना कारित करने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार होने लगा जिसे राहगीरो द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार एन एच 30 मार्ग पर ट्रक चालक ने बुलेरो पिकअप वाहन को मारी जोरदार टक्कर दी जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि की सूचना नही मिली। वाहन चालक व कंडक्टर शीट मे बैठे युवक को चोट आई है जिसे नागरिको ने उपचार के अस्पताल भिजवाया गया।

---

### 386 जोड़ों का वैदिक रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ विवाह

# गरीब बेटियों के शादी की चिंता माता पिता की नहीं: मीना








**मानपुर।** प्रदेश सरकार ने बेटियों के शादी की चिंता करते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रारंभ की । योजना के तहत मानपुर में 386 जोड़ो का विवाह हो रहा है , जिसमे 6 मुस्लिम कन्याओं के निकाह भी शामिल है।

जो मानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। नव वधु को नए जीवन मे प्रवेश के साथ ही उन्हें 49 हजार रुपये का चेक तथा 6 हजार रुपये विवाह व्यवस्था में व्यय किये जाते है। योजना के संचालन से माता पिता को अब कर्ज नही लेना पड़ता है, बेटियों के शादी का पूरा खर्चा सरकार उठा रही है। उक्त आशय के विचार विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह ने मानपुर के खेल मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये ।

उन्होंने कहा कि आप लोगों ने अपना समर्थन देकर जो मान , सम्मान बढाया है । विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित किया है , उसका एहसान मैं जीवन भर नही भूलूंगी । मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मरते दम तक प्रयास करती रहूंगी । क्षेत्र में सडक, बिजली, पानी , स्वास्थ्य , शिक्षा , पुल पुलियो का निर्माण , आईटीआई , महाविद्यालय , हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल का निर्माण क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप किया गया है। आज मानपुर विधानसभा क्षेत्र प्रदेश के उन्नत विधानसभा क्षेत्रों में गिना जाता है। विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हर मुश्किल में मेरा साथ दिया है । मैं अपनी अंतिम सांस तक इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबध्द हूं । केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने महिलाओं के आर्थिक कल्याण के लिए अनेको योजनाओं का संचालन किया है। महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के तहत प्रति माह 1250 रुपये उनके खाते में भेजे जाते है। बेटियों के जन्म लेते ही उन्हें लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया जा रहा है। महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला योजना का लाभ दिया जा रहा है। किसानों को पी एम स्व निधि योजना एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रति माह राशि उनके खाते में भेजी जा रही है।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बेटियों की शादी होने से माता पिता के मस्तक से उनक्री शादी की चिंता दूर हो गई है। यह योजना बेटियों के माता पिता के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। पूरे रीति रिवाज के साथ घर जैसे वातावरण में बेटियो का विवाह संपन्न हों रहा है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से चिन्ता मुक्त हुए माता पिताः कलेक्टर


### 6 मुस्लिम कन्याओं का काजी ने संपन्न कराया निकाह



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कहा कि बेटियो के जन्म से लेकर उसके विवाह की चिंता सरकार ने करते हुए अनेको योजनाओं प्रारंभ की , जिसमे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बेटियो के शादी के लिए वरदान साबित हुई है।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि कुल 386 जोडो का मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत विवाह संपन्न हुआ । जिसमें 6 मुस्लिम जोडे भी शामिल है । इन जोडो में 341 जोडे मानपुर जनपद पंचायत के, 36 जोडे नगर पंचायत मानपुर के, 8 जोडे नगर पालिका उमरिया के तथा एक जोड़ा जनपद पंचायत करकेली का शामिल है । कार्यक्रम को जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता सिंह , सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्रा त्रिपाठी ने भी संबोधित करते हुए नव जोड़ो को नए जीवन मे प्रवेश के किये शुभकामनाएं दी ।

इस अवसर पर एस डी एम मानपुर कमलेश नीरज, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता , मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनपद सदस्य, मीडिया कर्मी, वर, वधु एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



### सात फेरों के साथ 75 जोड़े हुए एक दूजे के

**उमरिया।** विवाह भारतीय संस्कृति में एक संस्कार है। यह जन्म जन्मांतर तक चलने वाला पवित्र बंधन है। यह केवल वर-वधु को एक कर देने वाला संस्कार भर ही नहीं बल्कि दो परिवारों अलग-अलग संस्कृति, संस्कारों तथा परम्पराओं को एकाकार कर देने वाला महत्वपूर्ण संस्कार है। उक्त आशय के विचार मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह ने घुनघुटी हायर सेकेंडरी हास्टल के मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह , निकाह सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये । वैदिक रीति रिवाज के साथ अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरो के साथ 75 जोड़े एक दूजे के हुए। उन्होंने कहा कि विवाह उपरांत नव वर वधु को 49 हजार रुपये का चेक एवं 6 हजार रुपये विवाह व्यवस्था में व्यय किये जाते है। सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए अनेको योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के तहत प्रतिमाह 1250 रुपये उनके खाते में हस्तांरित किये जा रहे है, ताकि महिलाये उन राशि का उपयोग अपनी दिनचर्या के कार्यो में कर सके। बेटियों के जन्म लेने पर उन्हें लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ, विवाह की उम्र होने पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य अथितियों ने नव वर वधु को 49 हजार रुपये का चेक वितरित करते हुए नए जीवन की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ किया गया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने नवदंपतियों के सुखमय तथा खुशहाल जीवन की कामनाएं करते हुए कहा कि हर एक माता-पिता को अपनी बिटिया के विवाह की चिंता से मुक्त करना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत विवाह करने वाली बिटिया को 55 हजार रुपये की मदद दी जा रही है। जिसमे 49 हजार रुपये का चेक वधु के नाम एवं 6 हजार रुपये विवाह व्यवस्था में व्यय किये जाते है। गरीब माता पिता की बेटियों के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना मील का पत्थर साबित हुई है । इस अवसर पर सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, जनप्रतिनिधि, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता, एस डी एम पाली टी आर नाग, सी ई ओ जनपद पंचायत पाली कन्हाई कुँवर, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच,नव वर वधु के अभिभावक , मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

---

# नगर में बढ़ी मच्छरों की फौज

**कोतमा।** नगर में वर्तमान में मच्छरों की तादाद निरंतर बढ़ती जा रही है। घरों के आसपास जमा हुआ गंदा पानी मच्छरों की तादाद बढ़ाने में सहायक हो रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों में नालियां भी चोक है नालियों में जमा हुआ पानी मच्छरों की फौज को निरंतर बढ़ा रहा है। नगर पालिका द्वारा नियमित साफ सफाई तो करवाई जा रही है लेकिन सफाई कर्मचारी मात्र खाना पूर्ति करते हैं। जिस वजह से शाम ढलते ही मच्छरों की फौज घरों में हमला कर देती है। नगर पालिका द्वारा लंबे समय से मच्छर नाशक दवा और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव न करने से यह समस्या दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। वर्तमान में मच्छर के काटने से नगर में मलेरिया फैलने की आशंका है। स्थानीय निवासियों के शिकायत करने पर भी नाली की सफाई और मच्छर नाशक दवा का छिड़काव नहीं किया जाता है। पूर्व में नगर पालिका के द्वारा फागिंग मशीन से शाम को प्रत्येक वार्डों में फागिंग किया जाता था जिससे मच्छर नहीं पनपते थे। लेकिन लगभग 2 साल से फागिंग मशीन बिगड़ी पड़ी है जिसके कारण नगर पालिका के द्वारा नगर में फागिंग नहीं करवाई जा रही है।

### उगे हैं गाजर घास

बारिश का मौसम शुरू हो गया है और नगर में जगह-जगह गाजर घास की झाड़ियां उगी हुई है जिसे साफ सफाई करवाने के लिए नगर पालिका प्रशासन के पास समय ही नहीं है। ऐसा नहीं है कि नगर पालिका अधिकारी को इसकी जानकारी न हो लेकिन सुपरवाइजर की लापरवाही के कारण सड़क के किनारे एवं नालियों के आसपास जमे गाजर घास की झाड़ियां को नहीं कटवाया जा रहा है जिसके कारण भी मच्छर पनप रहे हैं। जबकि पूर्व में कलेक्टर अनूपपुर के द्वारा सभी नगर पालिका अधिकारियों को बारिश के पूर्व नगर की साफ सफाई एवं झाड़ियां की साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन नगर पालिका की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण नगर की साफ सफाई व्यवस्था चौपट नजर आ रही है।



---

## सैय्यदना उमरिया वाले बाबा जी की अकीदा में उमड़ी भीड़

### नेक राह पर चलने की बाबा हुजूर ने दी दुआएं



**उमरिया।** इमामबाड़ा उमरिया में रात्रि पहर उमरिया वाले बाबा हुजूर की तशरीफ आमद हुई। बाबा हुजूर की सवारी इमामबाड़ा से निकलकर जियारत करने के बाद भारी जन सैलाब के साथ रवाना हुई। जामा मस्जिद में बाबा हुजूर ने जियारत की । बाबा हुजूर के चाहने वालों ने उमरिया वाले बाबा हुजूर का दीदार कर मन ही मन अपनी एवं अपने परिवार की खुशहाली के लिए दुआएं की। जगह-जगह अपनी नजरे इनायत करते हुये बाबा हुजूर उमरिया के बखरी व विभिन्न अखाड़ा चौकों में एवं ताबूतों की जियारत की ,साथ साथ चल रहे अकीदतमंद जन सैलाब के हक में बाबा हुजूर ने दुआएं की । बाबा हुजूर ने नगर के सभी अखाड़ा चौक एवं ताबूतों मे जियारत की एवं अकीदतमंदो को अपनी दुआओं से नवाजा । बाबा हुजूर की सवारी कैम्प अखाड़ा पहुची जहां पर बाबा हुजूर ने अपनी तकरीर से लोगो को खुदा की इबादत कर सबसे पहले नेक इंसान बनो एवं नफरत करने वालो को ताकीद किया इसके बाद मस्जिद कैम्प में जाकर उमरिया वाले बाबा कैम्प के लोगो को अपने फैज से नेक राह पर चलने की दुआएं दी इसके बाद बाबा हुजूर ने इमामबाड़ा जाकर कयाम किया और सभी इमामबाड़ा के खादिमों को हिदायतें देकर बाबा हुजूर ने सजदा किया ।

---

### आपत्ति दर्ज कराते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर से की कार्यवाही की मांग

# विद्यालय भवन बनाने में ठेकेदार कर रहा मनमानी

**उमरिया।** जिले के करकेली जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहका 82 में पीआईयू विभाग के माध्यम से हाई स्कूल का निर्माण कार्य संचालित है, कार्य एजेंसी जबलपुर के कोई वर्मा के द्वारा भवन निर्माण कार्य को अंजाम दे रहा है, लेकिन जिस बेस और गुणवत्ता से भवन निर्माण होना चाहिए, उस मापदण्डों से भवन निर्माण कार्य ना होकर गुणवत्ता विहीन कर भ्रष्टाचार के भेट चढ़ा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधित कार्य एजेंसी से जब इस विषय के संबंध में चर्चा की तो स्थानीय स्थल पर ठेकेदार के गुर्गे ने स्थानीय ग्रामीणों से अनाप-शनाप बात करते हुए सीधे कहा कि हमारी मर्जी जैसे करना है, वैसा करेंगे। विभाग के निर्देशन पर हम काम कर रहे। ग्रामीणों ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया है कि शासन-प्रशासन के नियम है कि कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ होने के पहले सूचना पटल लगाया जाए, जिससे आसानी से लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके, लेकिन सूचना पटल छुपा कर कार्य एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। मिट्टी युक्त रेत लग रही है, जिस तरह से कॉलम में मजबूती होनी चाहिए, वैसी मजबूती नहीं दिख रही, ग्रामीणों का यह भी कहना है कि लगभग एक करोड रुपए की लागत से या भवन बन रहा है, छात्रों के भविष्य के साथ ठेकेदार और विभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा खिलवाड़ कर रहे हैं, भवन बन जाने के बाद ज्यादा दिन यह टिकाऊ नहीं रह सकेगा, जिससे पूरे गांव के लोगों ने शासकीय विद्यालय भवन निर्माण को लेकर आपत्ति दर्ज करते हुए कलेक्टर से संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गुणवत्ता से निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कैलाश सिंह ने बताया है कि ठेकेदार द्वारा बेहद घटिया निर्माण कर भ्रष्टाचार को अंजाम देने में पीछे नहीं है स्थानीय उपसरपंच इंद्रपाल ने भी इस पर आपत्ति दर्ज कराई है, सरपंच के साथ लगातार विभाग द्वारा चल रहे निर्माण कार्यों में काफी भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है, लेकिन पीआईयू विभाग के अधिकारी द्वारा कभी भी क्षेत्र में पहुंचकर भवन निर्माण पर निरीक्षण करने की जरूरत नहीं समझी , जिससे मन माने तौर तरीके पर संबंधित कार्य एजेंसी अपने मनमर्जी के साथ निर्माण कार्य करते हैं और अंत में कुछ सालों बाद भवन में दरारें आना प्रारंभ हो जाती है।



---

# जमीनी विवाद से उपजा खूनी संघर्ष, जांच के बाद होगा खुलासा

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में जमीनी मामले को लेकर एक ही गांव के दो पक्षों में बीते दिनों खूनी संघर्ष हो गया था, इस खूनी जंग में खूब लाठी, डंडे बरसाए गए, किसी का सर फूटा तो, किसी का हाथ टूटा, यादव परिवार कप्तान से न्याय की गुहार लगाई थी, वहीं दूसरे पक्ष ने भी अपनी आपबीती थाना प्रभारी से बताई, शिकायत में फरियादी राजेश शर्मा पिता शारदा प्रसाद शर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी मलमाथर अपने भाई आशीष शर्मा, संतदास शर्मा, शैलेश कुमार शर्मा, दिगम्बर शर्मा ने थाना में उपस्थित होकर बताया कि 09 जुलाई को सुबह 8 बजे मैं तथा मेरे भाई दिगम्बर शर्मा दोनों अपने घर के पास अपनी बाड़ी को ट्रेक्टर से जुतवा रहे थे, तभी गांव के पतिराम यादव, अयोध्या यादव आये और बोले की यह जमीन मेरी है, तुम लोग इस खेत में मत जुतवाओ, तब मैं तथा मेरे भाई दिगम्बर ने कहा कि यह मेरी बाड़ी है, मैं जुतवाउंगा, इतने मे पुष्पेन्द्र यादव, रोहित यादव एवं राजेन्द्र यादव भी आ गये, पांचो लोगों ने हम दोनों भाईयों से गाली-गलौज करने लगे, गाली देने से मना करने पर पतिराम यादव हाथ में लिये डंडा से मुझे मारपीट करने लगा, तब मैं चिल्लाया तो मेरे भाई आशीष शर्मा, संतदास शर्मा, शैलेश कुमार शर्मा घर से दौडक़र आये तो पतिराम यादव, अयोध्या यादव, पुष्पेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, रोहित यादव सभी लोग गाली देते हुए हम पांचो भाईयों के साथ मारपीट करने लगे एवं बोल रहे थे कि दोबारा जमीन में ट्रैक्टर लेकर आये तो, तुम सभी को जान से खत्म कर इसी खेत में गाड़ देने की धमकी दी, हल्ला होने के बाद गांव के अजय जोशी, विजय जोशी एवं राज कुमार बैगा आकर बीच बचाव किये, तब वो लोग अपने घर चलगे गये, इस विवाद के चलते हम पांचों भाईयों को भी चोट आई है।



### यह कह रहा यादव परिवार

गोहपारू थाना क्षेत्र के मलमाथर में रहने वाले यादव परिवार व शर्मा परिवार में खेत में पानी सीचने को लेकर विवाद हो गया, विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया को लाठी-डंडे चलने लगे, यादव परिवार की घायल महिला गोमती यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि खेत में पानी सीचने को लेकर विवाद पर गांव के आशीष शर्मा,राजू शर्मा, दद्दू शर्मा, अंबिका शर्मा ने लाठी, डंडे, गैती आदि से हमला कर दिया, इस हमले में उनके परिवार के 8 से अधिक लोग चोटिल हुए है, इस खूनी जंग में खूब लाठी डंडे बरसाए गए, महिलाओं को भी दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया, इस हमले में किसी का सर फूटा तो किसी का हाथ टूटा, घायल यादव परिवार ने बीते दिनों पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

### हमने की आत्म रक्षा

शर्मा परिवार ने भी अपना पक्ष रखते हुए बताया कि बीते दिनों यादव परिवार से विवाद हुआ था, हम अपनी बाड़ी में जुताई करवा रहे थे, बाड़ी में दो भाई थे, यादव परिवार ने पहले हम पर जानलेवा हम किया, आत्मरक्षा में विवाद बढ़ा, अब वह दबाव बनाकर हम पर कार्यवाही करवाना चाह रहे हैं, हालाकि हमने भी थाने में शिकायत दी है, गांव का माहौल खराब हुआ है, रात में यादव परिवार से डरा बना हुआ है, प्रशासन अगर चाहे तो, जमीन की जांच करवा ले, अगर जांच हो जाये तो, गलती किसकी है, यह खुद-ब-खुद सामने आ जायेगा। हालाकि हमारे खिलाफ भी थाने में मामला कायम हुआ है, अगर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो, यादव परिवार की हकीकत सबके सामने आ जायेगी।

खबर संक्षेप

## सामाजिक सद्भाव के साथ मनाएं मोहर्रम का त्यौहार



**मऊगंज**-जिले मे आगामी दिनों होने वाले मोहर्रम त्यौहार को लेकर थाना लौर परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर द्वारा क्षेत्र से आए समाजसेवियों गणमान्य नागरिकों एवं मौलवियों से आगामी दिवस होने वाले मोहर्रम के त्यौहार को लेकर विस्तृत से चर्चा की गई। वहीं चर्चा के दौरान समस्याओं को जाना गया। थाना क्षेत्र से आए लोगों ने बताया कि हम सब पारंपरिक ढंग से सौहार्द पूर्वक पूर्ण भाईचारे के साथ त्यौहार मनाते आए हैं और इसी सौहार्दता के साथ त्योहार मनाएंगे। इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा लोगों को भरोसा दिलाया गया कि यदि आप लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो बेहिचक संपर्क करें। पुलिस प्रशासन आपके साथ 24 घंटे खड़ा मिलेगा। लेकिन ध्यान रखें समय से पहले सूचना देवें जिससे समस्या का समय रहते निदान हो सके। थाना प्रभारी ने आम जनमानस से आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अपवाह से बचें। आप स्वयं जागरूक है पूर्ण सामाजिक सद्भाव के साथ त्योहार मनाए जिससे आने वाली पीढ़ी को भी बेहतर सामाजिक मार्ग प्रशस्त रहे। आयोजित बैठक दौरान वरिष्ठ समाज सेवी पूर्व डीएसपी राम बहादुर शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह चंदेल भाजपा मंडल अध्यक्ष देवतालाब संजय सोनी, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश सिंह, मुस्ताक खान, हाफिज जलाल अशरफी सहित कई गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं आमजन तथा पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

## डाटा ऑपरेटरों ने मानदेय भुगतान पाने लोक शिक्षण आयुक्त को लिखा पत्र

**मऊगंज**- जिले में विगत फरवरी माह से डाटा एंट्री ऑपरेटरों को मानदेय का भुगतान नहीं किया गया जिसकी वजह से उनकी आर्थिक स्थिति संकट में है उनके और उनके पारिवार उदर पोषण करना बड़ी समस्या है बड़ी संख्या में डाटा आपरेटरो द्वारा आरोप लगाया गया कि विगत पांच माह से उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया गया जिसको लेकर आयुक्त लोक शिक्षण संचनालय भोपाल को पत्र लिखकर भुगतान करने की मांग की गई है इस संबंध में 13 मई को लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा पत्र जारी कर भुगतान संबंधी निर्देशित किया गया था पत्र में संस्था के कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों की मासिक उपस्थिति के आधार पर उनके पारिश्रमिक भुगतान हेतु उपस्थिति पत्रक संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को ऑनलाइन मेल के माध्यम से प्रेषित किया जाए किंतु संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा उनके जिले में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर की उपस्थिति समय पर एमपीकांन लिमिटेड को प्रेषित नहीं किया गया जिससे आउटसोर्स पर कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों को समय पर मानदेय भुगतान होने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है उपरोक्त आदेश को कड़ाई से पालन करने निर्देशित किया गया और कहा गया कि उपस्थित विलंबित होने की स्थिति में संबंधित प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी किंतु मऊगंज जिले में अभी तक डाटा ऑपरेटरों को भुगतान नहीं किया गया जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित डाटा ऑपरेटरों की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को प्रेषित नहीं की गई विगत पांच माह से ऑपरेटरों का भुगतान नहीं किया गया है जिससे उनके समक्ष वित्ती संकट की स्थिति निर्मित है बड़ी संख्या में ऑपरेटरों द्वारा मांग की गई है कि समय पर उनका मानदेय भुगतान किया जाए।

# मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन शहडोल इकाई के प्रथम सम्मेलन का हुआ आयोजन



**शहडोल** । साहित्य के क्षेत्र में अग्रणी संस्था मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई के गठन पश्चात प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवीन कार्यकारिणी परिचय, पदाधिकारियों का सम्मान, पर्यावरण पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में नवगठित जिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती किरण सिंह शिल्पी ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का परिचय करवाया। समिति के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ शाल श्रीफल देकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष किरण सिंह शिल्पी का स्वागत किया। आयोजन में संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परमानंद तिवारी ने मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन का परिचय दिया एवं संगठन के कार्यो की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ संस्था का उद्देश्य बताया।आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार एवं कार्यक्रम के पूर्व अध्यक्ष रामसखा नामदेव, नलिनी केशव तिवारी, उमरिया से साहित्यकार संतोष द्विवेदी ने बताया हिंदी साहित्य सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य साहित्य को बढ़ावा देना है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ .रमाशंकर गौतम ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। परिचय एवं उद्बोधन के पश्चात काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकारों के साथ युवा कवि , कवयित्रियों ने उल्लेखनीय सारगर्भित रचनाओं की प्रस्तुति दी। साथ ही पर्यावरण का महत्व विचार और कविताओं के माध्यम से बताया।

किरण सिंह शिल्पी ने भी अपने उद्बोधन में साहित्य को बढ़ावा देना युवाओं को इकाई से जोडऩा, आगे के कार्यक्रम में पुस्तक पर चर्चा, कार्यशाला आयोजन आदि के बारे में सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में कवि नत्थूलाल गुप्ता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.गंगाधर राव ढोके के द्वारा किया गया, सचिव दिलीप तिवारी एवं सह सचिव शिरीष नंदन श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया । कार्यक्रम में दुर्गाशंकर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष छाया गुप्ता, संगीता शुक्ला, राजेंदर सिंह राज , पवन कुमार पांडेय, बृजमोहन बशर, शिवसेन जैन संघर्ष, शरणजीत सिंह, नवनीत शर्मा, सरिता सलिल, जयश्री त्रिवेदी, दिनेश अग्रवाल, हुसैन, प्रकाश राव, शिवनारायण तिवारी, कासिम इलाहाबादी, उपस्थित रहे।

# माह बीता, सीईओ को भ्रष्टों पर एफआईआर की नहीं मिली फुर्सत

**शहडोल**। जिले की मुख्यालय की जनपद सोहागपुर की ग्राम पंचायत चुनिया बीते माहों में अपने भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में था, बीती 19 जून को सीईओ जिला पंचायत राजेश जैन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर को पत्र जारी कर जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत चुनिया में विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितता पाए जाने पर सरपंच श्रीमती गुजरतिया वाई वैगा, उपसरपंच हीरामणि पटेल एवं जयप्रकाश पटेल (प्रभारी सचिव) ग्राम, रोजगार सहायक तीनो के विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए थे तथा कार्यवाही से 03 दिवस के भीतर अवगत कराने को कहा था, लेकिन 19 जून के आदेश के बाद लगभग 01 माह होने को है, लेकिन ऐसा लगता है मानों जनपद के लिए 3 दिन पूरे ही नहीं हुए हैं।

**भ्रष्टाचारियों को अभयदान**

सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायत चुनिया में बीते वर्षों में जमकर अनियमितता की गई, समय-समय पर शिकायते भी सामने आती रही, चुनिया के मामले में पूर्व में ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायतों के बाद जो जांच बैठाई गई थी, उसमें तीनों के खिलाफ निर्माण कार्यो में अनियमितता और शासकीय राशि खुर्द-बुर्द करने के आरोप प्रमाणित हुए थे, इस मामले में पूरी स्थिति आईने की तरह साफ होने के बावजूद मामला एफआईआर तक नहीं पहुंचा, जबकि 19 जून को दिये गये आदेश में सभी स्थितियां स्पष्ट कर दी गई थी।

**दर्जनों अन्य मामले भी लंबित**

मुख्यालय की जनपद में पदस्थ सीईओ वर्तमान पदस्थापना से पहले भी जनपद में पदस्थ रही हैं, पूर्व की तरह इस बार भी सीईओ की कार्यशैली में कोई बदलाव आता नहीं दिखा, मामला चाहे जनप्रतिनिधियों से क्षेत्रीय समस्याओं के संबंध में आहुत बैठकों का हो या फिर विभिन्न योजनाओं से प्राप्त राशि का जनपद और पंचायतों के माध्यम से किये जाने वाले खर्च का हो, जनपद की दर्जनों पंचायतों की शिकायतें लगातार सामने आती है, लेकिन उन पर न तो कोई जांच होती है और न ही लोकसेवक जैसा कोई धर्म ही निभाया जाता है।

## सीएम हेल्पलाइन की 50 दिन से अधिक की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें

*निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में सुरक्षित कराएं - डॉ सोनवणे*

**रीवा**। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि जिले में खुले में घूम रहे निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में सुरक्षित कराएं। जिन गौशालाओं का निर्माण पूरा हो गया है उनका गौसंवर्धन बोर्ड में पंजीयन कराकर गौवंश को रखना सुनिश्चित करें। जिले की प्रमुख सड़कों तथा हाईवे के किनारे के बड़े गांव में शासन की योजना के अनुसार गौठान का निर्माण कराएं। इनमे रखने वाले पशुओं के लिए गौसंवर्धन बोर्ड से चारे और भूसे की राशि दी जाएगी। सभी एसडीएम गौशालाओं के संचालन की नियमित समीक्षा करें। गौशालाओं में बिजली, पानी, चारा-भूसा तथा गौवंश के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निराश्रित गौवंश को सड़कों से हटाने के लिए लगातार अभियान चलाएं।

बैठक में डॉ सोनवणे ने कहा कि सभी एसडीएम प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 बजे से जन सुनवाई का आयोजन करें। इनमें विकासखण्ड स्तर के सभी प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। शिक्षा, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम, राजस्व, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग तथा अन्य विभागों के कार्यों की इसमे समीक्षा भी करें। डॉ सोनवणे ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में जून माह की शिकायतों तथा 50 दिन से अधिक की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। गत सप्ताह राजस्व विभाग में 399, ऊर्जा विभाग में 248, पीएचई में 375, गृह विभाग में 256 तथा ग्रामीण विकास विभाग में 206 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस सप्ताह 20 तारीख को रैंकिंग जारी होने से पहले लगातार प्रयास करके सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का निराकरण कराएं। स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीएचई, खाद्य विभाग तथा वित्त विभाग में अभी भी बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका विशेष प्रयास करके निराकरण कराएं।

बैठक में डॉ सोनवणे ने कहा कि आगामी त्यौहारों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ



कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबंध करें। कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग घोघर में चल रहे सड़क और नाली निर्माण के कार्य को इस तरह से व्यवस्थित कर लें कि 17 जुलाई को मुहर्रम का जुलूस ठीक से निकल सके। सभी एसडीएम भी अपने-अपने अनुभाग में त्यौहारों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वर्षा जनित रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए आवश्यक प्रबंध करें। जिले और विकासखण्ड स्तर पर रैपिड एक्शन टीम तैनात रखें। डॉ सोनवणे ने खाद के वितरण, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण तथा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

डॉ सोनवणे ने कहा कि जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जा रहा है।

# विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर किया वृक्षारोपण



**शहडोल**। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) शहडोल में 15 जुलाई विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं वार्ड पार्षद सिल्लू रजक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में माननीय विधायक मनीषा सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित कर आत्मनिर्भर भारत तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत में युवाओं की भूमिका और उनके कौशल की उपयोगिता का महत्व बताया। अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने के सम्बन्ध में विस्तार से बताया।

वार्ड पार्षद सिल्लू रजक ने सभी अभ्यर्थी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की स्किल इंडिया और प्रधानमंत्री कौशल विकास जैसी योजनाओं का लाभ पाकर देश के करोड़ों युवा आत्मनिर्भर भारत एवं एक भारत- श्रेष्ठ भारत के संकल्प में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। आप सभी इस संस्थान से अच्छी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर अपने कौशल को निखार सकते हैं। जो आपको आत्मनिर्भर बनने में निश्चित ही मार्ग प्रशस्त करेगी। कार्यक्रम के दौरान आई.टी.आई. प्रबंधन द्वारा व्रृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमें माननीय विधायक मनीषा सिंह तथा वार्ड पार्षद सिल्लू रजक द्वारा व्रक्षारोपण कर पेड़ है, प्रकृति की शान, व्रृक्षारोपण हेतु चलाओ अभियान का संदेश देते हुए सभी उपस्थित जनो को एक पेड़ अवश्य लगाये जाने के लिए आग्रह किया।

# रीवा मे ट्रेनों का नया टाइम टेबल हुआ जारी, रेलवे ने बनाई आवागमन की नई व्यवस्था

### 10 अगस्त से प्रभावी होगा नया टाइम टेबल रेवांचल सहित 12 ट्रेनों का बदला समय

रीवा




जिले के रेलवे स्टेशन से चलने वाली सभी 12 ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। यह पहली बार हुआ है कि रीवा से चलने वाली सभी 12 ट्रेनों के समय में बदलाव हुआ है। ट्रेनों का समय में 10 मिनट पहले किया गया है। इसमें रेवांचल से लेकर रीवा इतवारी और रीवा राजकोट जैसी ट्रेनें भी शामिल है। यह नई समय सारिणी 10 अगस्त के बाद से प्रभावशील होगी। रेवांचल का समय 11 अगस्त से बदलेगा। हालांकि कई ट्रेनें ऐसी भी हैं जिनके समय में बदलाव की मांग लंबे समय से की जा रही है लेकिन अभी केवल 10 मिनट पहले ट्रेन छूटने का समय निर्धारित किया गया है। नए निर्धारित किए गए समय अनुसार रीवा-एकता नगर महामना एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय रात 8.55 बजे से संशोधित प्रस्थान समय अब रात्रि 8.45 रहेगा। संशोधन 10 अगस्त से प्रभावी रहेगा। कमलापति रेवांचल एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय रात 8.05 बजे से संशोधित प्रस्थान समय अब रात 7.55 रहेगा। यह संशोधन 11 अगस्त से प्रभावी होगा। वही इसी तरह रीवा-इतवारी एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय सायं 5.20 बजे से संशोधित प्रस्थान 12 अगस्त से अब सायं 5.10 बजे रहेगा।रीवा- जबलपुर शटल एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय दोपहर 2.10 बजे से संशोधित प्रस्थान समय अब दोपहर 20 बजे रहेगा। यह संशोधन दिनांक 11 अगस्त से प्रभावी रहेगा।रीवा-राजकोट सुपरफास्ट का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय रात 8.55 बजे से संशोधित प्रस्थान समय रात्रि 8.45 रहेगा। संशोधन 12 अगस्त से प्रभावी रहेगा। रीवा-इतवारी एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान सायं 5.20 बजे से संशोधित प्रस्थान समय अब सायं 5.10 रहेगा। 11 अगस्त से प्रभावी। रीवा-रानी कमलापति वन्दे भारत एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय प्रातः 5.30 बजे से संशोधित प्रस्थान समय अब प्रातः 5.20 रहेगा। यह संशोधन दिनांक 11 अगस्त से प्रभावी रहेगा। रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय 7.20 बजे से संशोधित प्रस्थान समय 7.10 रहेगा। संशोधन 12 अगस्त से प्रभावी रहेगा।रीवा-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस ट्रेन का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय 4.30 बजे से संशोधित समय अब 4.20 रहेगा। यह संशोधन दिनांक 11 अगस्त से प्रभावी रहेगा।रीवा- सीएसएमटी स्पेशल एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय 4 बजे से संशोधित प्रस्थान समय अब 3.50 रहेगा। यह संशोधन दिनांक 15 अगस्त से प्रभावी रहेगा। रीवा-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय रात 11.15 बजे से संशोधित प्रस्थान समय अब रात्रि 11.5 बजे रहेगा। संशोधन 11 अगस्त से प्रभावी रहेगा। रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का रीवा स्टेशन पर पूर्व प्रस्थान समय रात 10.15 बजे से संशोधित प्रस्थान अब रात 10.5 रहेगा। यह संशोधन 11 अगस्त से प्रभावित रहेगा।

## नशामुक्ति के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

**भावी पीढ़ी और समाज को सुरक्षित रखने के लिए नशामुक्ति अनिवार्य है - डॉ सोनवणे**

**रीवा**। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए नशा सबसे बड़ा खतरा है। किशोरावस्था और युवावस्था में अगर नशे की ओर कदम बढ़ गए तो युवा का संभलना मुश्किल होता है। नशे की राह युवाओं को अपराध की दुनिया में पहुंचा देती है। भावी पीढ़ी और भावी समाज को सुरक्षित रखने के लिए नशामुक्ति अनिवार्य है। जिले में विशेषतौर पर पर मेडिकल नशे की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में कोरेक्स सहित अन्य नशीली दवाओं तथा मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी प्रतिबंध के उपाय किए जाएंगे। साथ ही युवाओं को मानसिक रूप से दृढ़ बनाने एवं नशे से बचाने के लिए उचित मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

## सरपंच पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप पैसे इकट्ठा करके ग्रामीण बना रहे सड़क

**मऊगंज**- सरकार के तमाम आदेश योजनाएं और फरमान ग्राम पंचायत के उन सरपंचों के लिए वेअसर है जो ग्राम पंचायतो में भ्रष्टाचार करके जिंदगी गुजर रहे हैं। उनके बच्चे बड़े शहरों में पढ़ रहे हैं किंतु जिस तरीके से सरकार और ग्रामीणों की मंशा पर कुठाराघात करके सरपंच भ्रष्टाचार में सलिप्त है। तब ग्राम वासियों ने ऐसा नहीं सोचा होगा कि ग्राम प्रधान द्वारा विकास के नाम पर सिर्फ कागजों में दिखेगा और धरातल विकास से कोसों दूर होगा मामला मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड के ग्राम पंचायत बढैया ( कोरिया ) का है जहां सैकड़ो ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा करके सड़क में मोरम डालने का काम कर रहे हैं।सहयोग और आपसी भावना से सड़क का निर्माण किया जा रहा कई बार सड़क निर्माण के लिए जनपद कार्यालय सरपंच और कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दे चुके हैं किंतु कुछ न होने से ग्रामीणों ने चंदा करके सड़क बना रहे है ग्रामीणों का कहना है कि सैकड़ो घर और कई गांवों का इस सड़क से आना-जाना होता है बरसात के मौसम में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है कई विद्यालयों का रास्ता इसी सड़क से होकर जाता हैं स्कूल बस सब प्रभावित हैं ग्रामीणों का कहना है कि आज के इस दौर में भी चलने के लिए सड़क नहीं है ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पिछले विधानसभा में सड़क बनाने के लिए *मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल* धरने पर बैठे थे किंतु अब तक कुछ भी नहीं हुआ ग्राम पंचायत बढ़ैया कोरिया के विनोद पटेल योगेंद्र पटेल संदीप पटेल रामकिशोर उपाध्याय मोहम्मद आजम प्रवेश पटेल मोतीलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा खुद के पैसे खर्च कर सड़क बनाने का काम किया जा रहा है ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश सिंह पर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा की पंचायत में एक भी कार्य नहीं किया गया सब कागजों में दिखाकर राशि निकाल ली गई है कई लोगों के जबरन खेत की फोटो डालकर खेत तालाब का पैसा निकाल लिया गया बड़े स्तर से जांच की जाए तो करोड़ों के घोटाले की फाइल सामने आएगी।

## नगर निगम द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत लोगों को किया गया जागरुक




**रीवा**। निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार दिनांक 15/07/24 को नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर के वार्ड क्र. 28 धोबिया टंकी, वार्ड क्र. 40 बंसल बस्ती, वार्ड 18 रसिया मोहल्ला, वार्ड 19 इमाम बड़ा, वार्ड 27 नेहरू बस्ती एवं वार्ड 30 सिन्धी कालोनी में जन जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को बताया गया की अपने घरों के आस-पास सफाई रखें, जिससे बीमारियों के खतरे को रोका जा सके। साथ ही समझाइश दी गई कि जो कचरा आप के घरों से निकलता है उसको बाहर न फेकें, हम जितना अपने शहर को साफ और स्वच्छ रखेंगे उतना ही बीमारियो को दूर भगाएंगे। नगर निगम द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत 24 घंटे 7 दिवस हेल्पलाइन नम्बर 07662-254568 जारी किया है जिसमे नागरिकों द्वारा सफाई से संबंधित किसी भी शिकायत को तुरन्त दर्ज़ कराकर निराकरण प्राप्त किया जा सकता है। इस अभियान के तहत बारिश के मौसम में पनपने वाली संक्रामक बीमारियो से बचने हेतु झुगी बस्तियों में विशेष अभियान चलाया गया। उक्त गतिविधियों के दौरान आईईसी टीम एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## सीटेड ने जल जीवन मिशन के तहत भाटी सेंगर ग्राम में आयोजित की गई जन सभा

**मऊगंज**- जिले मे जल जीवन मिशन हर घर जल नल से जल के तहत रीवा बाणसागर परियोजना का संचालन कर रही क्रियान्वयन संस्था सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड एंटरपेनोरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) के द्वारा 14 जुलाई को मऊगंज जिले के भाटी सेंगर ग्राम में जन सभा का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत भाटी सेंगर के सरपंच सरपंच परवाज भारतीय, एसीएम हरीश पाण्डेय, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमृता तिवारी एवं समस्त कम्यूनिटी मोबिलाइजर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन कम्यूनिटी मोविलाइजर चंदन पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि परिचय एवम समस्त अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया। आयोजित उक्त कार्यक्रम में ग्राम जनों के जल जीवन मिशन की संपूर्ण कार्य योजना से अवगत कराते हुए प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमृता तिवारी ने कहा की भारत सरकार ने इस योजना के तहत चिन्हित प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके क्रियान्वयन के लिए जल निगम रीवा के सहयोग से सीटेड संस्था के द्वारा प्रत्येक घर में बेसलाइन सर्वे कराकर प्रारंभिक डाटा एकत्र कराया जा रहा है। जिसके उपरांत पीआरए ग्राम जल एवम स्वच्छता तदर्थ समिति का गठन समिति का बैंक खाता एवम पानी की गुणवत्ता जांच के लिए पांच प्रशिक्षित महिलाओं का चयन किया जाएगा। इस योजना के द्वारा उन सभी घरों को पानी पहुंचाया जाएगा जो सर्वे के दौरान चिन्हित किए जायेंगे। उन्होंने ने कहा हमारा हर संभव प्रयास होगा की हम आपके प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी पहुंचा सके। जिससे क्षेत्र में व्याप्त जल संकट से निपटने में सहायता की जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव होगा जब आप सबका पूर्ण सहयोग हमें प्राप्त हो। ग्राम के सरपंच परवाज भारतीय ने कहा की जल निगम रीवा का यह प्रयास निश्चित ही मऊगंज जिला एवं हमारे ग्राम में आवश्यक जल आवश्यकता कि पूर्ति करेगा। एसीएम हरीश पाण्डेय ने ग्राम वासियों के सवालों का जवाब देते हुए सम्पूर्ण समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया। जन सभा का सम्पूर्ण संचालन प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमृता तिवारी एवं कम्यूनिटी मोबिलाइजर आंचल मिश्रा ने किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से रवि मिश्रा सौरभ तिवारी संदीप पाण्डेय कुलदीप पाण्डेय लवकुश साकेत दिनेश प्रजापति अशोक सिंह निशी सिंह आंचल मिश्रा निशा दुबे सौरभ मिश्रा आशीष मिश्रा शिवम मिश्रा मुकेश पटेल सचिन तिवारी श्रुति तिवारी साक्षी मिश्रा अमृता मिश्रा चंदन पाण्डेय के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### लंबित वन भूमि प्रकरणों के निराकरण के कलेक्टर ने दिये निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में समयावधि पत्रों की बैठक के पश्चात विभिन्न विकास विभागों के वन विभाग में लंबित भूमि संबंधी प्रकरणों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी वन अरिहंत कोचर सहित विभिन्न विकास विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विकास विभागों के अधिकारियों से कार्यवार लंबित प्रकरणों से संबंधित जानकारी लेते हुए वन विभाग के अधिकारियों को जनहित के कार्यों के लिए वन भूमि संबंधी लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में थानगांव एवं निमहा में विद्युतीकरण के लिए वन भूमि संबंधी अनुमति प्रदान करने तथा अगरिया नाला से पचरीपानी, केशवाही से हरार्पानी, टांकी से बैगानटोला मार्ग निर्माण, कन्या शिक्षा परिसर, पीवीटीजी के 11 बसाहटों से संबंधित वन भूमि प्रकरणों, अमरकंटक में बैराज निर्माण, राजनगर बनगवॉं में कायाकल्प योजना के क्रियान्वयन के संबंध में वन भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों के निदान संबंधी कार्यवाही तत्परता से किए जाने के संबंध में वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### जिले में 4.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 4.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र जैतहरी में 10.4, पुष्पराजगढ़ में 8.4, अमरकंटक में 13.8 तथा बेनीबारी में 3.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, वेंकटनगर तथा बिजुरी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक सम्पन्न



**अनूपपुर।** जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहूलाल सिंह, पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व डीएमएफ न्यास मण्डल के सदस्य-सचिव तन्मय वशिष्ठ शर्मा, नगरपालिका पसान के अध्यक्ष रामअवध सिंह, नगर परिषद जैतहरी के अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता, नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष सुनील चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व डीएमएफ न्यास मण्डल के सदस्य-सचिव तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने डीएमएफ न्यास मण्डल के कार्यकारिणी की डीएमएफ अंतर्गत प्राप्त खनिज रियायत राशि के उपयोग के नियम जिले में वर्ष 2023-24 में प्राप्त डीएमएफ की राशि का विवरण तथा उपलब्ध राशि के उच्च प्राथमिकता एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र की जानकारी देते हुए बताया गया कि उच्च प्राथमिकता क्षेत्र में पेयजल प्रदाय, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य के देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निःशक्तजन कल्याण, कौशल विकास, स्वच्छता के कार्य प्रावधानित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में भौतिक अवसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं वॉटरशेड विकास, खनन जिलों में पर्यावरण की गुणवत्ता में अभिवृद्धि करने के उपाय के कार्य प्रावधानित है। उन्होंने वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में जनप्रतिनिधियों तथा विभागों से प्राप्त प्रस्ताव के विवरण की जानकारी दी।

# भीड़ जुटाने डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स ने छात्रों को दी धमकी

## पीएम श्री एक्सीलेंस तुलसी कॉलेज शुभारंभ में प्राचार्य का भेदभावपूर्व रवैया

### धमकी भरे मैसेज से खफा हुये छात्र व अभिभावक

अनूपपुर।

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय तुलसी महाविद्यालय को पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज में उन्नयन को लेकर भीड़ जुटाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में डिपार्टमेंट आफ कामर्स ने अपने छात्र-छात्राओं को झूठी धमकी देकर कॉलेज प्रांगण में मंत्री को दिखाने के लिए भीड़ एकत्रित की। जबकि कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ने कई निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित पत्रकारों की कार्यक्रम में जमकर उपेक्षा की। प्रभारी प्राचार्य के नेतृत्व में डिपार्मेंट आफ कामर्स ने छात्र-छात्राओं को मोबाइल पर मैसेज भेजकर धमकी दी।




### यह लिखा मैसेज मे

एक बार पुनः आप सभी को सूचित किया जाता है कि चाहे बारिश हो या कोई अन्य कारण हो सभी परिस्थिति में आपको रविवार को 11 बजे अपने प्रोजेक्ट के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। अन्यथा की स्थिति में आप प्रोजेक्ट में अनुपस्थिति हो जायेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप की स्वयं की होगी। इस बीच डिपार्टमेंट आफ कॉमर्स और छात्र-छात्राओं को 11 बजे से मंत्री के आने के बाद कार्यक्रम का समापन नहीं होने तक उनको बैठा कर रखा गया और उनका कोई भी प्रोजेक्ट चेक नहीं किया गया। केवल झूठी धमकी देकर छात्र-छात्राओं को भूखे मंत्री के कार्यक्रम तक बैठाकर रखा गया। जिसकी सर्वत्र निंदा हो रही है और ऐसे प्राचार्य को तत्काल कॉलेज से हटाने की मांग छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने की है।




### निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित पत्रकारों की उपेक्षा

ज्ञातव्य हो की पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा इंदौर के अटल बिहारी वाजपेई कला वाणिज्य महाविद्यालय से किया गया था। वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम को देखने एवं सुनने के लिए पीएम श्री शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, लेकिन आयोजित कार्यक्रम में नगर के तमाम निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ पत्रकारों की जमकर उपेक्षा की गई जिसकी सर्वत्र निंदा की जा रही है।



## कलेक्ट्रेट व जिला पंचायत कार्यालय परिसरों में रोपे गए 500 पौधे

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, एसपी कार्यालय तथा जिला उद्योग कार्यालय परिसरों में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितकीय तंत्र हेतु लगभग 500 पौधों का पौधरोपण सोमवार 15 जुलाई को किया गया। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ने पौधरोपण कर कार्य की शुरूआत की तथा पौधरोपण करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया तथा सम्पूर्ण क्षेत्र का भ्रमण कर पौधरोपण कार्य की जानकारी ली। पौधरोपण हेतु सम्पूर्ण परिसर को 6 सेक्टर में विभाजित किया गया था। संयुक्त कलेक्टर डी.के. पाण्डेय को सेक्टर क्रमांक 1, एसडीएम अनूपपुर को सेक्टर क्रमांक 2, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी को सेक्टर क्रमांक 3, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे एवं वेद प्रकाश को सेक्टर क्रमांक 4, उप संचालक कृषि को सेक्टर क्रमांक 5 तथा जीएम डीआईसी तथा ईईआरईएस को सेक्टर क्रमांक 6 का नोडल अधिकारी बनाया गया था। पौधरोपण कार्य में संयुक्त जिला कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया तथा पौधों के संरक्षण, संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की। पौधरोपण के तहत बॉटल पाम, अरेका पाम, सिल्वर औक, गुलमोहर, नीम, करंज, खम्हार, काजू, कटहल, आंवला, अशोक, सीता अशोक, जूनीफर, मधु कामिनी, कदम्ब, मुसण्डा, कवेर, गुड़हल, अलकीफा, चांदनी, कचनार के पौधे रोपे गए।

### पार्षद के प्रमाणीकरण में हेर फेर पर एसडीएम ने पार्षद को थमाया नोटिस

**अनूपपुर।** निकाय में पार्षदों को अधिकार संपन्न बनाने का काम तो किया गया है, लेकिन पार्षद भी कितने ईमानदारी से अपने कार्यों को अंजाम देते हैं इसका एक ताजा उदाहरण जैतहरी में देखने को मिला है। जिसमें अनुविभागीय दंडाधिकारी ने जैतहरी नगर परिषद की वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद भूरी बाई भैना को कारण बताओ सूचना का पत्र जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा अगरिया की मृत्यु, मृत्यु प्रमाण पत्र पर 12/11/2023 दर्ज है। जिसमें मृतक के पिता छोटे लाल अगरिया निवासी ग्राम जैतहरी ने आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने हेतु लोक सेवा गारंटी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें आवेदक की पुत्री दुर्गा अगरिया की मृत्यु 4/12/2023 को पार्षद भूरी बाई भैना द्वारा प्रमाणीकरण किया गया था।

# अवैध क्लीनिकों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही न होने पर कलेक्टर हुए नाराज

## जांच किये गये 13 क्लीनिकों मे आधे को कराया बंद तो आधे को अभयदान

### खफा कलेक्टर ने सीएमएचओ को दी कार्यवाही की चेतावनी

अनूपपुर।




कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने टीएल बैठक में जिले में संचालित अवैध क्लीनिकों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही नही होने पर नाराजगी जताई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. अवधिया द्वारा अवगत कराया गया कि 13 क्लीनिक के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। जिनमें से 7 क्लीनिक को बंद कराया गया है, 6 क्लीनिक के संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि अवैध क्लीनिक संचालकों के विरूद्ध क्लीनिक को बंद कराने की कार्यवाही क्यों नही की गई, जिसका उत्तर सीएमएचओ नही दे सके। जिस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को चेतावनी दी कि अगर जिले में कहीं भी अवैध क्लीनिक के संचालन से कोई घटना होती है, तो सीएमएचओ के विरूद्ध भी जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की जाएगी। सीएमएचओ उप स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण संबंधी भी जानकारी बैठक में नही दे सके। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई तथा कहा कि इस संबंध में जानकारी लेकर शाम तक अवगत कराएं। उन्होंने सिकलसेल स्क्रीनिंग की जानकारी की समीक्षा के दौरान शेष बचे जांच की रिपोर्ट की एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में सोमवार को टीएल बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, एसडीओ वन अरिहंत कोचर सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### सर्व शिक्षा अभियान को भी लिया आड़े हाथ

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक से प्राथमिक शाला घाठा जिसमें अतिरिक्त कक्ष निर्माण के छत ढलाई का कार्य ग्रामीणों द्वारा अवरूद्ध किया गया है। जिसका निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। सर्व शिक्षा अभियान के डीपीसी ने कलेक्टर को अवगत कराया कि ग्राम पंचायत खाटी के प्राथमिक शाला भवन नवाटोला में ग्रामीणों द्वारा भवन निर्माण में रोक लगा दी गई है, जिस पर कलेक्टर ने डीपीसी एवं एसडीएम पुष्पराजगढ़ को समन्वय के साथ इस समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्राथमिक शाला झोरझोरा टोला के परिसर में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कर स्थानीय व्यक्ति द्वारा कब्जा करने से प्राथमिक शाला भवन का निर्माण नही हो पा रहा है, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को स्थल मुआयना कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में जैतहरी स्थित बालक आश्रम तथा जिले के अन्य छात्रावासों के परिसर में अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों का हो निराकरण

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को ग्रेडिंग सुधारने तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों को री-ओपेन कर संतुष्टिपूर्वक शिकायतों का निराकरण करने तथा जिन विभागों के सीएम हेल्पलाईन के लंबित शिकायत की संख्या ज्यादा है, उन्हें संतुष्टि के साथ निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने व शिकायतों के समय पर फोर्स क्लोज करने के संबंध में प्रकरण मय नस्ती उचित माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा सभी विभागीय अधिकारियों को कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन अंतर्गत शिकायतों के ग्रेडिंग में सुधार के लिए आगामी 5 दिवस तक सीएम हेल्पलाईन पर कार्य करने तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट शिकायतों के नम्बर के साथ व्हाट्सएप ग्रुप पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन में डी केटेगरी में आने वाले विभागों के अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### लक्षित पौधरोपण कार्य की हुई समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने जिलेभर में विभिन्न विभागों के लक्षित पौधरोपण कार्य के प्रगति की समीक्षा करते हुए पौधरोपण के संबंध में लक्षित विभागों से जानकारी प्राप्त की तथा रोपे गए पौधे की सुरक्षा के साथ वायुदूत अंकुर एप पोर्टल पर फोटो अपलोड के संबंध में दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने सभी से पौधरोपण अभियान मे सहभागी बनने तथा वायुदूत एप में फोटो अपलोड करने की अपील भी की गई।

### राजस्व वसूली की कलेक्टर ने की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत आरआरसी राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को लंबित राजस्व की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अग्रणी प्रबंधक को बैंकर्स से समन्वय कर आरआरसी के आधार पर वसूली गई राशि वसूलकर्ता राजस्व अधिकारी तथा जिले को प्रदान की जाने वाली राशि हर सप्ताह टीएल बैठक में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने एलडीएम को वॉटरशेड विकास परियोजना के माध्यम से स्वसहायता समूह के उद्यम गतिविधियों के प्रकरणों की स्वीकृति बैंकर्स से प्रदान कराने के लिए समन्वय करने के निर्देश दिए।

## शांति कुटी में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

# रिमझिम बारिश के बीच कलश यात्रा प्रारंभ

अमरकंटक।

मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक के शांति कुटी आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हुआ जो 20 जुलाई तक चलेगा। मोक्षदायिनी, पापनाशिनी, पुण्य सलिला मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक की पावन धर्मधरा पर अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर पूज्य संत स्वामी रामभूषण दास महाराज की पावन सन्निधि में कथावाचक पंडित कृष्णकांत शर्मा (ब्रजवासी) जयपुर राजस्थान के श्रीमुख से आप सभी भक्तगण रोजाना कथा का श्रवण दोपहर 3 से 7 बजे शांति कुटी आश्रम के सत्संग हाल में पहुंच श्रीमद् भागवत कथा का लाभ और आनंद प्राप्त कर सकते है।





सुबह शांति कुटी से रिमझिम बारिश के बीच कलश यात्रा प्रारंभ हुई जिसमे ढोल नगाड़ों की धुन पर सभी भक्तगण हर्षोल्लास के साथ जय कारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए मां नर्मदा उद्गम स्थल पहुंच पंडितों द्वारा पूजन और कलश में जल भरकर नर्मदा मंदिर दर्शन बाद सभी ने नर्मदा मंदिर प्रांगण परिक्रमा कर वापस कथा स्थल पहुंच उक्त समस्त धार्मिक अनुष्ठान के आचार्य पंडित शिवम चतुर्वेदी (चेन्नई के आचार्यत्व) में संपन्न कर श्रीमद् भागवत को विराजमान किया गया। कथा के मुख्य यजमान बिलासपुर (छत्तीसगढ़) निवासी दिनेश शुक्ला पत्नि अंजली शुक्ला पावन स्मृति सौरभ शुक्ला एवं सर्व पितृदेव की कामना से भागवत कथा का श्रवण सपरिवार मां नर्मदा की गोद और श्रीगुरु चरणों में बैठ कथा का लाभ प्राप्त कर रहे।

उनके परिवार से बेटे प्रतीक शुक्ला संग मधु शुक्ला, अर्जित शुक्ला, दीपाली मिश्रा, सुधीर मिश्रा, ममता मिश्रा, सूर्यकांत बाजपेयी, अनुभा बाजपेयी, सविता बाजपेयी, सुमन पांडेय आदि मौजूद रहे।

आषाढ़ शुक्ल एकादशी कल सायं 7 बजे रामघाट नर्मदा उत्तर तट पर नर्मदा पूजन, दीपदान और महाआरती भी भव्यता के साथ यजमान श्रीमती स्वाति सुरेश पांडेय (चांपा) की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न होगा। शांति कुटी आश्रम में आषाढ़ शुक्ल द्वादशी 18 जुलाई को ध्वज पूजन बाद ध्वजारोहण संपन्न होगा, जिसके मुख्य यजमान रमेश पोद्दार पत्नी सरोज देवी पोद्दार मनेंद्रगढ़ होंगे।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सतगुरूदेव भगवान का भव्य अभिषेक, पूजन और जय जय सियाराम बाबा साहब की समाधि स्थल मंदिर में गुरु महाराज के प्रिय भक्तों द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन बाद सभी भक्त अपने अपने गुरु चरणों की पूजन आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे उसके बाद दोपहर 12 बजे नगर भंडारा का आयोजन प्रारंभ कर प्रसाद वितरण होगा।



# एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## मेड़ियारास विजेता तो अनूपपुर को उपविजेता का खिताब

अनूपपुर।

केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड और नर्मदा स्पोर्ट क्लब अनूपपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 15 बालकों की कराई गई यह प्रतियोगिता उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के खेल मैदान में कराई गई। इस प्रतियोगिता में लगभग 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कार्यक्रम के मुख्य जिला न्यायाधीश पंकज जायसवाल, अतिथि के रूप में आशालता वैद्य जिला खनिज अधिकारी अनूपपुर, जगदीश ऊइके जिला कमांडेंट होमगार्ड, ईशा वर्मा खनिज निरीक्षक, चैतन्य मिश्रा जिलाअध्यक्ष वालीबाल संघ, दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वयक खेल, युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर एवं राष्ट्रपति से सम्मानित और पूर्व जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी एस सी राय, वरिष्ठ पीटीआई महेंद्र सिंह, एसबीआई अनूपपुर के क्षेत्राधिकार आशीष एवं एसबीआई के मंगल वरिष्ठ वकील मिश्रा, राम टेंट हाउस के अयोध्या प्रसाद सोनी, पत्रकार मनोज शुक्ला, बद्रीनाथ तिवारी, केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड के मैनेजर दिनेश कुमार बर्मन, आदर्श फुटबॉल क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में मेडियारास की टीम विजेता रही एवं नर्मदा अंचल क्लब अनूपपुर की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम नर्मदा अंचल क्लब अनूपपुर एवं दिनेश कुमार बर्मन केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड के मैनेजर द्वारा कराया गया विजेता एवं विजेता टीम को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं व्यक्तिगत पुरस्कार दिया गया तृतीय टीम देवहरा की रही है इसमें बेस्ट खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया एवं संतोष जनक पुरस्कार मिनी ब्राजील से जानी जाने वाली टीम शहडोल को ट्रॉफी देकर के सम्मानित किया गया। जिला खनिज अधिकारी आशा लता वैद्य द्वारा विजेता को 1001 एवं उपविजेता को 1001 रुपए देकर सम्मानित किया गया। मुनेंद्र प्रसाद द्वारा बेस्ट खिलाड़ी को 250 रुपए देकर सम्मानित किया तथा निर्णायक को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया एवं सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।